तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

13 मशरूम की खेती से बनीं लखपति दीदी प्रेमलता को हर माह 60-70...



14 ब्रह्माकुमारीज में पांच देवियों की चैतन्य झांकी का...



बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

नवरात्रि विशेष



षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महिंष कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्होंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।

बालोद में राष्ट्रीय महिला किसान दिवस पर हुआ महिला किसान सम्मान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, व कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला बालोद के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय महिला किसान दिवस के अवसर पर महिला किसान सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला किसानों के कृषि क्षेत्र में अतुलनीय योगदान, उनकी मेहनत, संघर्ष, नवाचार और आत्मनिर्भरता की भावना को सम्मानपूखांकित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने महिला किसानों को कृषि विकास की महत्वपूर्ण भागीदार बताते हुए उन्हें आधुनिक कृषि तकनीक, प्राकृतिक एवं जैविक खेती तथा कृषि आधारित स्वरोजगार के अवसरों से जुड़ने का आह्वान किया।

- जैविक खेती, स्व-सहायता समूह और आधुनिक तकनीक अपनाने का आह्वान

छह प्रगतिशील महिला कृषकों का प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मान



महिला किसान देश की कृषि व्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं

मुख्य अतिथि पवन साहू ने कहा कि महिला किसान देश की कृषि व्यवस्था की मजबूत आधारशिला हैं। खेती–किसानी में महिलाओं का योगदान केवल बीज बोने, रोपाई, निराई–गुड़ाई और फसल कटाई तक सीमित नहीं है, बल्कि बीज संरक्षण, पशुपालन, सब्जी उत्पादन, जैविक खाद निर्माण और कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण तक उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। महिलाओं के परिश्रम और समर्पण से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है।उन्होंने कहा कि महिला किसानों को सम्मान देने का अर्थ उनके श्रम, कौशल और अनुभव को पहचान देना है। आज आवश्यकता है कि महिला किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, वैज्ञानिक मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और बाजार की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों, ताकि वे खेती को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित कर सकें। उन्होंने महिला किसानों से पारंपरिक ज्ञान के साथ नई तकनीक अपनाकर कृषि क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक ▶▶| शेष पेज 12 पर

हादसा : घायल को मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया

सहगांव-गैजी के बीच ट्रक और बाइक की भिड़ंत, युवक की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूजःडौंडीलोहारा

दल्ली राजहरा मुख्य मार्ग पर बुधवार रात ग्राम सहगांव और गैजी के बीच ट्रक और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक चालक टकेश्वर विश्वकर्मा (25 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक में पीछे बैठा धनराज बघेल (22 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने घायल युवक को डौंडीलोहारा के शास अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर कर दिया गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, राजनांदगांव जिले के ग्राम गिधवा निवासी टकेश्वर विश्वकर्मा और धनराज बघेल बुधवार रात दल्ली राजहरा की ओर से अपने गृह ग्राम लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब साढ़े नौ से दस बजे के बीच ग्राम सहगांव और गैजी के मध्य विपरीत दिशा से आ रहे आयशर ट्रक से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में टकेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे धनराज को पैर और जांघ सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल पहुंचाकर उसके परिजनों को सूचना दी।





हादसे की खबर मिलते ही परिजन भी पहुंच गए। युवक की मौत से उसके गृह ग्राम में शोक का माहौल छा गया। इस संबंध में एएसआई अनीत राम यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं, वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच और विवेचना शुरू कर दी है।

अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, चार ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूजःबालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग की टीम ने डौण्डी विकासखंड के ग्राम पटेली और ग्राम घोटिया में औचक निरीक्षण कर अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाए जाने पर कुल 4 ट्रैक्टर जब्त किए हैं।

खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 14 अक्टूबर को डौण्डी विकासखंड के ग्राम पटेली में औचक निरीक्षण के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 3 ट्रैक्टर जब्त किए गए। इनमें नीले रंग का सोनालिका डीआई 35 तथा लाल रंग के महिंद्रा युवो 575 और महिंद्रा युवो 585 ट्रैक्टर शामिल हैं। तीनों ट्रैक्टर ट्रॉली सहित जब्त कर थाना डौण्डी की अभिरक्षा में रखे गए हैं। इसी तरह, आज सुबह डौण्डी विकासखंड के ग्राम घोटिया में किए गए औचक निरीक्षण के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर लाल रंग का महिंद्रा युवो 585 ट्रैक्टर ट्रॉली सहित जब्त किया गया। इस वाहन को थाना दल्लीराजहरा की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग द्वारा प्राप्त सूचना एवं शिकायतों के आधार पर अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के मामलों में त्वरित कार्रवाई की जा रही है। जब्त वाहनों से संबंधित प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।





जिला प्रशासन द्वारा खनिज संसाधनों के अवैध दोहन पर रोक लगाने तथा खनिज नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सतत निगरानी की जा रही है।

खबर संक्षेप

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 27 को

बालोद। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 27 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने को कहा है।

औरी-जामगांव आर के बीच 2 किमी का नया मार्ग बन सकता है विकास की राह



जामगांव आर। ग्राम पंचायत औरी और जामगांव आर के बीच की 5 किलोमीटर की दूरी जल्द ही महज 2 किलोमीटर में सिमट सकती है। जामगांव आर के सरपंच रूपेंद्र शुक्ला एवं औरी की सरपंच मीनू राकेश शर्मा यदि संयुक्त प्रयास करें, तो यह मार्ग क्षेत्र का ऐतिहासिक विकास साबित होगा। हाल ही में औरी स्थित छ.ग. स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के 42.33 करोड़ की लागत से निर्मित 132 केवी सब-स्टेशन को चार्ज किया गया है। कंपनी द्वारा बनाए गए एप्रोच रोड को यदि बोरवाय नाला हनुमान मंदिर (जामगांव आर) की ओर केवल 2 किलोमीटर बढ़ा दिया जाए, तो यह दोनों गांवों के बीच एक बेहतरीन शॉर्टकट बन सकता है।

किसान संघ की बैठक आज

बालोद/कलंगपुर। छत्तीसगढ़ किसान संघ बालोद की बैठक 16 अक्टूबर को 11.30 बजे दंतेश्वरी मैया शक्कर कारखाना करकाभाट में रखा गया है। जिसमें बालोद जिले के सभी किसान एवं जिला पदाधिकारी तहसील पदाधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने की अपील किसान संघ के अध्यक्ष सांवत राम साहू ने की है।

आबकारी विभाग की कार्रवाई 8.64 बल्क लीटर शराब जब्त



हरिभूमि न्यूजःबालोद

जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, संग्रहण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार कठोर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज 14 अक्टूबर को आबकारी विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए 8.64 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला (सवा शेरा) जब्त की है।

इस मामले में एक आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम तिलोदा थाना रनचिरई, जिला बालोद निवासी कँवल सिंह 37 वर्ष पिता प्रेमदास के विरुद्ध कार्रवाई की। इस दौरान उसके कब्जे से 8.64 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला (सवा शेरा) जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59–क के तहत एक प्रकरण दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक झगऊ राम नेताम एवं आबकारी आरक्षक कोमल सथपती का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

उल्लेखनीय है कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन, संग्रहण और बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से आबकारी विभाग द्वारा लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

जनपद सीईओ ने आवास व जल जीवन मिशन कार्यों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूजःगुरूर

जनपद सीईओ पन्ना लाल ने आवास, जल जीवन मिशन एवं अन्य कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया एवं निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उक्त निरीक्षण में ग्राम पानापुरी, मुड़गहन के आश्रित गांव खैरडिगी, सोंहतरा, बिच्छी बाहरा में आवास के हितग्राहियों से मिलकर चर्चा कर जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देश संबंधितो को दिया गया।

साथ ही एक सप्ताह के भीतर अप्रारम्भ आवासो को स्टार्ट करने के निर्देश दिए गए, ताकि प्रधानमंत्री

- लंबित कार्यों के प्राथमिकता से निराकरण पर जोर

आवास योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो। आवास के साथ जल जीवन मिशन के कार्यों का फील्ड स्तर पर क्रियान्वयन का जायजा लिया साथ ही प्राथमिक शाला मुड़गहन मे जाकर बच्चो से मुलाकात किया एवं शिक्षक गण से चर्चा कर जर्जर भवन के लिए अतिरिक्त कक्ष का मांग के लिए प्रस्ताव देने एवं वीबीजीरामजी के कार्य योजना मे शामिल करने का आस्वाशन दिया गया। निरीक्षण में मैदानी अमले को निर्धारित समय–सीमा में कार्य पूर्ण करते हुए हितग्राहियों के आवास निर्माण में तेजी लाने तथा लंबित कार्यों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

उक्त निरीक्षण मे बिहान शाखा से एडीओ भूपेश लाल भुआर्य, आवास तकनीकी सहायक चंद्रशेखर सिन्हा एवं सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित थें।

कुरदी में सामुदायिक भवन का लोकार्पण, विधायक हुए शामिल



हरिभूमि न्यूजःबालोद/सिकोसा

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर ग्राम कुरदी में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम में गुण्डरदेही विधानसभा विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल हुए।

इस दौरान विधायक 15वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता मार्शल आर्ट की वोवीनाम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रतिभाशाली बिटिया भानेश्वरी निषाद का सम्मान कर कहा कि बिटिया की यह उपलब्धि निषाद समाज एवं पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। विधायक ने कहा कि यह सामुदायिक भवन केवल एक भवन नहीं, बल्कि गांव की एकता और सामाजिक सहभागिता का केंद्र बनेगा। यहां सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन में ग्रामवासियों को सुविधा मिलेगी। गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र का विकास और प्रत्येक गांव में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का विस्तार मेरी प्राथमिकता है। आप सभी का स्नेह और विश्वास ही मुझे क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करने की

▶▶| शेष पेज 12 पर

सरपंचों ने लगाए अधूरे निर्माण और गलत जगह बोर खनन के आरोप

जल जीवन मिशनः करोड़ों की टंकियां बनीं शोपीस, गांवों में नहीं पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूजःबालोद

जल जीवन मिशन के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रें में निवासरत प्रत्येक परिवार के घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से सैकड़ों गांवों में पानी टंकियों का निर्माण कर नल कनेक्शन लगाए गए हैं। लेकिन योजना की निर्धारित समय–सीमा बीत जाने के बावजूद जिले के बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवारों को आज तक इसका लाभ नहीं मिल पाया है। करोड़ों रुपये की लागत से पानी टंकियों का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन टंकियों में पानी पहुंचाने की व्यवस्था को लेकर अपेक्षित कदम नहीं उठाए जाने से कई गांवों में ये टंकियां महज शोपीस बनकर रह गई हैं।

- ग्रामीणों में बढ़ी नाराजगी, शीघ्र निर्माण पूरा करने की मांग

ग्रामीणों का आरोप है कि योजना को पूरा करने के नाम पर कई स्थानों पर बोर खनन तो कर दिया गया, लेकिन बोर में पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण नल जल योजना शुरू नहीं हो सकी। कहीं





पाइपलाइन का विस्तार अधूरा है तो कहीं पाइपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढों को अब तक समतल नहीं किया गया है। ग्राम पंचायत नर्रा सरपंच निशा साहू साहू, युवराज साहू ने बताया कि शासन की योजना के तहत पंचायत क्षेत्र में दो पानी टंकी का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, लेकिन अब तक दोनों पानी टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। सरपंच ने बताया कि ठेकेदार द्वारा कही पर भी टंकी निर्माण कार्य के संबंध में सूचना फलक भी नहीं लगाया गया है।

ग्राम पंचायत उमराह के सरपंच कुंदम तारम एवं पूर्व सरपंच राकेश मेहता ने बताया कि ग्राम पंचायत की सीमा में करीब ढाई वर्ष पहले पानी टंकी निर्माण का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन आज तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। गांव में पाइपलाइन विस्तार का कार्य भी आधा–अधूरा है। पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढों को समतल नहीं किए जाने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत पोण्डी के सरपंच दिनेश्वरी साहू एवं चुरामन साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत पोण्डी एवं आश्रित ग्राम खेरवाही में करोड़ों रुपये की लागत से पानी टंकियों का निर्माण किया गया है। लेकिन बोर खनन सही स्थान पर नहीं होने के कारण टंकी में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। आश्रित ग्राम खेरवाही में पाइपलाइन विस्तार के लिए खोदे गए गड्ढों को भी अब तक समतल नहीं किया गया है।

इसी तरह ग्राम पंचायत बोड़की के आश्रित ग्राम मटिया पी के सरपंच पद्मनी साहू, ग्राम पंचायत देवारभाट की सरपंच लता कोर्राम, टेकाकर की सरपंच खेमेश्वरी साहू, परसदा के सरपंच राजूलाल आर्य, पड़कीभाठ के सरपंच नुपेन्द्र भोला यादव, चारवाही की सरपंच दीपमालिका एवं नेवारीकला की सरपंच डिलेश्वरी सोनकर, परसोदा की सरपंच जितेश्वरी साहू सहित मटिया, हथौद, उमरादयह एवं अन्य ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने भी योजना के क्रियान्वयन को लेकर शिकायत की है।

सरपंचों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन शुरू किया गया था। लेकिन स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों एवं कार्य एजेंसियों द्वारा योजना को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पूरा करने के बजाय कई जगह निर्माण कार्य आनन–फानन में निपटाने का आरोप है। इसके चलते करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी ग्रामीणों को योजना का सार्थक लाभ नहीं मिल पा रहा है।

जल जीवन मिशन के तहत मार्च 2024 तक कार्य पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित था, लेकिन निर्धारित समय–सीमा बीतने के करीब दो वर्ष बाद भी जिले के कई गांवों में कार्य अधूरे पड़े हैं। जानकारी के अनुसार जिले में 1,76,003 ग्रामीण परिवारों को नल–जल कनेक्शन प्रदान किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभागीय अनदेखी और कार्य एजेंसियों

▶▶| शेष पेज 12 पर

पॉलिटेक्निक कॉलेज का 8.86 करोड़ रुपए से होगा उन्नयन, बढ़ेंगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

उदय प्रसाद शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग का 886.51 लाख की राशि से उन्नयन होगा। इस स्वीकृत राशि से होने वाले विभिन्न विकास एवं उन्नयन कार्यों का भूमिपूजन बुधवार को शिक्षा मंत्री एवं दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया।

इन कार्यों से कॉलेज में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। दुर्ग का उदय प्रसाद शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज एक पुराना एवं महत्वपूर्ण तकनीकी शिक्षण संस्थान है, जहाँ दुर्ग जिले सहित संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से विद्यार्थी तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने आते हैं। लंबे समय से तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दे रहा यह संस्थान युवाओं को तकनीकी ज्ञान एवं कौशल प्रदान कर उनके भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ऐसे में कॉलेज की अधोसंरचना का विकास विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया भूमिपूजन, संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से तकनीकी शिक्षा लेने आते हैं



केबिनेट मंत्री की पहल से ये कार्य होंगे

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के पहल से स्वीकृत कार्यों के अंतर्गत ऑफिस ब्लॉक का रिनोवेशन, कॉलेज परिसर में सीसी रोड निर्माण, टॉयलेट निर्माण, सिविल विंग का विस्तार, निकासी नाली एवं बाउंड्रीवाल का निर्माण किया जाएगा। इन कार्यों के पूर्ण होने से कॉलेज परिसर में सुविधाओं का विस्तार होगा तथा विद्यार्थियों और कॉलेज प्रबंधन को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा के बुनियादी ढाँचे को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। राज्य सरकार का उद्देश्य केवल विद्यालयों और महाविद्यालयों में सुविधाओं का विस्तार करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक संसाधन और कौशल आधारित प्रशिक्षण के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना भी है।

शिक्षा और तकनीकी कौशल से संवरेगा युवाओं का भविष्य : गजेंद्र

इस अवसर पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि शिक्षा और तकनीकी कौशल युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं। हमारा प्रयास है कि दुर्ग के शैक्षणिक संस्थानों को आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित कर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आगे बढ़ने के बेहतर अवसर प्रदान किए जाएँ। तकनीकी शिक्षा को मजबूत बनाकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, सभापति श्याम शर्मा, कांशीराम कोसरे, ईई ए.के. भट्टाचार्य, कॉलेज के प्राचार्य, स्टॉफ सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



मंडल कांग्रेस की हुई बैठक

दुर्ग। मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अंतर्गत आने वाले चंडी मंदिर मंडल कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक राजीव भवन दुर्ग में मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष अलताफ अहमद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन की मजबूती और वोट चोरी के खिलाफ जन-जागरण पर रणनीति बनाई गई। बैठक की शुरुआत में मंडल अध्यक्ष राजकुमार वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और पिछले माह की गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में वार्ड चलो अभियान बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन की मजबूती के लिए आने वाले दिनों में मंडल के द्वारा वार्ड चलो अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत हर वार्ड और बूथ स्तर पर जाकर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया जाएगा और नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा। स्थानीय जनहित की समस्याओं जैसे पानी, बिजली, सड़क और महंगाई के मुद्दों को लेकर जन-आंदोलन चलाने पर सहमति बनी। वोट चोरी के खिलाफ जन-जागरण बैठक में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बर्खास्तगी की मांग को लेकर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उनके द्वारा वोट चोरी को संरक्षण दिया जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर बूथ स्तर पर जाकर आम जनता को जागरूक करने और घर-घर तक सच्चाई पहुंचाने का निर्णय लिया गया। अलताफ अहमद ने कहा कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर मजबूत है और आने वाले चुनावों में कांग्रेस संगठन अपनी ताकत दिखाएगा। बैठक में चंडी मंदिर मंडल अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, प्रकाश शिवणकर, गणेश सोनी, सुमित घोष, भूपेंद्र सेन, अलख नवरंग, बिंदु राजपूत, नरेंद्र सोनकर, नीता कश्यप, ईश्वर साहू, हितेश सेन आदि उपस्थित थे।

अंडर-19 प्लेट ग्रुप में रायगढ़ और सरगुजा के बीच रोमांचक मुकाबला



भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत कवर्धा में बुधवार को रायगढ़ और सरगुजा के बीच कड़ा मुकाबला रहा। इस मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए रायगढ़ की टीम ने सरगुजा को 150 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रायगढ़ की टीम ने निर्धारित ओवरों में 262 रन बनाए। टीम की ओर से अंकित मिश्रा ने नाबाद 48 रन, हार्दिक वालेचा ने 51 रन और अंकुश ने 38 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके बाद गेंदबाजी में भी रायगढ़ के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें अंकित मिश्रा और आरव नायक ने 4-4 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरगुजा की पूरी टीम 112 रन पर ही सिमट गई। सरगुजा की तरफ से बल्लेबाजी में मानस सिंह ने नाबाद 46 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली। वहीं, गेंदबाजी में सरगुजा के लिए निर्मल राय ने 4 और नैमुल्ला चिश्ती ने 3 विकेट हासिल किए, लेकिन अंततः रायगढ़ ने यह मुकाबला 150 रनों के अंतर से अपने नाम कर लिया।

योजना : आधुनिक कृषि यंत्रों और ड्रोन तकनीक से खेती हुई आसान

गन्ने की खेती से संवर रही देवीलाल की आर्थिक स्थिति, फसल विविधीकरण से बढ़ी आय

हरिभूमि न्यूज:बालोद

छह एकड़ में चार एकड़ धान और दो एकड़ में गन्ना, सात वर्षों से कर रहे खेती



खेती में नई तकनीक अपनाकर और फसल विविधीकरण को बढ़ावा देकर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं। पारंपरिक धान की खेती के साथ गन्ने जैसी व्यावसायिक फसलों को अपनाना किसानों के लिए लाभकारी विकल्प बन रहा है। शासन की किसान हितैषी नीतियों, गन्ने के बढ़े समर्थन मूल्य और आधुनिक कृषि तकनीकों से किसानों को खेती में नई संभावनाएं मिल रही हैं। जिले के ग्राम सोहतरा निवासी किसान देवीलाल डडसेना की कहानी इसी बदलाव की प्रेरणादायक मिसाल है।

ग्राम सोहतरा के किसान देवीलाल डडसेना पिछले सात वर्षों् से गन्ने की खेती कर रहे हैं। उनके पास छह एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे चार एकड़ में धान और दो एकड़ में गन्ने की खेती करते हैं। अपने अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि गन्ने की खेती से उन्हें फसल विविधीकरण का अच्छा अवसर मिला है। उनके अनुसार धान की तुलना में गन्ने की खेती में पानी की आवश्यकता कम हो होती है और उचित प्रबंधन से लागत तथा मेहनत में बचत की जा सकती है।

पहले गन्ने की कटाई, फसल को खेत से बाहर निकालने और शक्कर कारखाने तक पहुंचाने में किसानों को काफी मेहनत करनी पड़ती थी। मजदूरों की कमी के कारण भी कई बार परेशानी होती थी। अब आधुनिक कृषि यंत्रों और तकनीकों के उपयोग से इन कार्यों को आसान बनाने में मदद मिल रही है। गन्ने की कटाई के लिए जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध हार्वेस्टर मशीन तथा फसल में दवाओं और पोषक तत्वों के छिड़काव के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग किसानों के लिए उपयोगी साबित हो रहा है। 'नमो ड्रोन दीदी' जैसी पहल के माध्यम से कृषि कार्यों में ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे समय की बचत, मेहनत में कमी औn कृषि कार्यों को अधिक सुविधाजनक बनाने में मदद मिलती है। गन्ना उत्पादक किसानों के लिए समर्थन मूल्य में वृद्धि एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा गन्ने का खरीद मूल्य बढ़ाकर 425 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने से किसानों को आर्थिक राहत मिली है। साथ ही, पेराई सीजन 2025–26 में पहले खरीदे गए गन्ने पर भी बढ़ी हुई दर के अनुसार अंतर की राशि का भुगतान किए जाने से किसानों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिल रहा है।

किसान देवीलाल डडसेना ने बताया कि गन्ने के उचित मूल्य की मांग लंबे समय से की जा रही थी। समर्थन मूल्य में वृद्धि से गन्ना उत्पादक किसानों को अपनी उपज का बेहतर दाम मिल रहा है। उन्होंने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गन्ने के समर्थन मूल्य में वृद्धि से उन्हें प्रोत्साहन मिला है और वे आने वाले समय में गन्ने की खेती का रकबा बढ़ाना चाहते हैं। उनका अपना अनुभव दूसरे किसानों को भी फसल विविधीकरण के बारे में सोचने और खेती के नए विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

बिजली कटौती को लेकर कलेक्टर से मिला एंसिलरी एसोसिएशन



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- बिजली कटौती से राहत देने की मांग की

भिलाई के उद्योगों में अघोषित बिजली कटौती के कारण हो रहे नुकसान को लेकर बीएसपी एंसिलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह से मिला। उन्हें मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर इस अघोषित बिजली कटौती को तत्काल बंद किए जाने की मांग की।

अध्यक्ष रतन दासगुप्ता के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधि मंडल की बातों को कलेक्टर ने गंभीरता पूर्वक सुना। उन्होंने तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों से बातचीत की और प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि बिजली कटौती का एक शेड्यूल दे दिया जाएगा ताकि आप सभी को इसकी पूर्व में ही जानकारी हो सके। अध्यक्ष दासगुप्ता ने बताया कि भिलाई के उद्योगों में पिछले कुछ दिनों से लगातार 12 से 14 घंटे तक की अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है। इसके कारण यहां के उद्योगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उद्योगों के फर्नेस में माल चोक हो जा रहा है जिससे करोड़ों का नुकसान हो रहा है। सामने त्यौहार का सीजन है, दीपावली सामने है, ऐसे में हमें मजदूरों को बोनस भी देना है। प्रतिनिधि मंडल की बातों को गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद कलेक्टर अभिजीत सिंह ने तत्काल बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से बातचीत की तथा समस्या के तत्काल निराकरण का निर्देश दिया। बिजली विभाग के अधिकारियों से चर्चा पश्चात कलेक्टर ने बताया कि उद्योगों में बिजली कटौती का एक शेड्यूल जल्द ही जारी कर दिया जाएगा ताकि सभी को इसकी जानकारी हो सके और वे उस हिसाब से अपना प्रोडक्शन कर सकें। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने उद्योगपतियों को भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में उद्योगों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष रतन दासगुप्ता, महासचिव श्याम अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रितपाल सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेश चावड़ा, सचिव वरुण घोष, वरिष्ठ सदस्य योगेश गुप्ता, नीलाद्री शाह और वरिष्ठ उद्योगपति संदीप अग्रवाल शामिल थे।

आईएमएफ की रिपोर्ट कांग्रेस और विपक्ष के दावों पर करारा तमाचा : विजय साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भाजपा नेता और छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा के पूर्व सदस्य विजय साहू ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष आईएमएफ द्वारा भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 7 प्रतिशत किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत बताया है। विजय साहू ने कहा कि आईएमएफ की ताजा रिपोर्ट कांग्रेस और विपक्ष द्वारा भारत की आर्थिक स्थिति को लेकर किए जा रहे नकारात्मक दावों पर करारा तमाचा है। जब दुनिया की प्रतिष्ठित आर्थिक संस्थाएं भारत की विकास संभावनाओं को लेकर अपना अनुमान बढ़ा रही हैं, तब कांग्रेस और विपक्ष को भी अपने आरोपों की समीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की अनुमानित विकास दर 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दी है।

वहीं भारतीय रिजर्व बैंक ने भी विकास दर का अनुमान 7.1 प्रतिशत किया है। आईएमएफ ने मजबूत घरेलू मांग, सेवा क्षेत्र की गतिविधियों और आर्थिक सुधारों को भारत की विकास संभावनाओं के प्रमुख आधारों में शामिल किया है। साहू ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस के कुछ नेताओं की परेशानी यह है कि वे देश की अर्थव्यवस्था पर सवाल उठाते हैं और अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भारत की विकास दर के अनुमान बढ़ा देती हैं। अब शायद कांग्रेस की अगली प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल सरकार से नहीं, बल्कि आईएमएफ से होगा कि आखिर आपको भारत की तरक्की दिखाई कैसे दे रही है?

पेज 11 के शेष

बालोद में ...

एवं प्रमुख डॉ. केआर साहू, वैज्ञानिक गण डॉ. बलदेव अग्रवाल, डॉ. एआर. गौर, सचिन वर्मा, गितेश सिन्हा, डॉ नीतू सोनकर, डॉ दीपशिखा मनु चंद्राकर, विनोद पैकरा एवं कृषि विभाग से अनुविभागीय कृषि अधिकारी महेश मार्गेय, केआर पिद्दा व कृषि विस्तार अधिकारी माया ठाकुरएवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण ड्रोन दीदी, कृषि सखियां एवं उन्नत जैविक महिला किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। भाजपा जिला बालोद के महामंत्री राकेश छोटू यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि सफलता का अर्थ केवल कलेक्टर, अधिकारी या किसी बड़े पद तक पहुंचना ही नहीं है। सफलता का वास्तविक अर्थ है अपने ज्ञान, मेहनत, कौशल और संकल्प से समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करना। आज महिलाएं खेती–किसानी को अपनाकर न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला सशक्तीकरण की नई कहानी भी लिख रही हैं।

यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे कृषि प्रधान राज्य में महिला किसानों की भूमिका विशेष महत्व रखती है। हमारी माताएं और बहनें खेतों में केवल फसल नहीं उगातीं, बल्कि परिवार के सपने, बच्चों का भविष्य और गांव की खुशहाली भी संवारती हैं। महिला किसानों को कृषि योजनाओं की जानकारी, प्रशिक्षण, कृषि उपकरणों, बाजार और आर्थिक निर्णयों में उचित भागीदारी दिलाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने महिला किसानों से स्व–सहायता समूहों के माध्यम से संगठित होकर जैविक खेती, सब्जी उत्पादन, मशरूम उत्पादन, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रें में आगे बढ़ने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा छत्तीसगढ़ के जिला मंत्री प्रेम साहू ने महिला किसानों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण शक्ति है। उन्होंने महिला किसानों को नवीन कृषि पद्धतियों, वैज्ञानिक मार्गदर्शन और कृषि आधारित रोजगार के अवसरों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अनुभव और आधुनिक तकनीक का समन्वय कृषि उत्पादन, परिवार की आय और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में सहायक हो सकता है। कार्यक्रम में जनपद सदस्य भगवती उइके सहित उपस्थित अतिथियों ने महिला किसानों के परिश्रम और समर्पण की सराहना की।

डॉ. केआर. साहू ने विकसित भारत के निर्माण में महिला किसानों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृषि उत्पादन, खाद्य एवं पोषण सुरक्षा तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिला किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, प्रशिक्षण एवं संसाधनों से जोड़ना विकसित कृषि और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आवश्यक है। डॉ. दीपशिखा मनु चंद्राकर ने बताया कि महिलाएं खेती–किसानी की धुरी हैं। बुवाई, रोपाई, निराई–गुड़ाई, कटाई, फसल प्रबंधन, पशुपालन एवं कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण जैसे अनेक कार्योंर में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने महिला किसानों को धान के साथ–साथ दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री सचिन कुमार वर्मा द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में छः प्रगतिशील महिला कृषिकों का सम्मान अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया। केन्द्र के वैज्ञानिकों ने महिला कृषकों के समसामयिक कृषि समस्याओ का परिचर्चा के माध्यम से समाधान दिया तथा कृषि विभाग के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

कुरदी में ...

ऊर्जा देता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सदस्य जिला पंचायत बालोद मीना उमाशंकर साहू, अध्यक्ष जिला निषाद समाज बालोद राजेंद्र कुमार निषाद, जनपद सदस्य गौरी उत्तम निषाद, सरपंच पूनम साहू, उमाशंकर साहू, सागर साहू, उत्तम निषाद, संजय कुमार साहू, सोनम निषाद, महेश साहू, नरेंद्र देवांगन, केसुराम साहू, खोमेश्वर निषाद, राजकुमार कश्यप, भोला देवांगन, प्रीतम ठाकुर, राजू देवांगन सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

जल जीवन मिशनः ...

की मनमानी के आरोपों के चलते केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जमीनी स्तर पर अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पा रही है। योजना का लाभ नहीं मिलने से ग्रामीणों में शासन–प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने अधूरे निर्माण कार्योंर को शीघ्र पूरा करने, बोर एवं जलस्रोत की समुचित व्यवस्था करने तथा पाइपलाइन विस्तार के बाद सड़कों एवं रास्तों को व्यवस्थित करने की मांग की है।

बीएसपी में 2 साल बाद भी नहीं हुआ मान्यता यूनियन चुनाव

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र में दो साल बाद भी मान्यता यूनियन चुनाव नहीं होने का खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। मान्यता यूनियन नहीं होने से कर्मियों और प्लांट के अंदर की लंबित समस्याओं का पूर्ण रुप से समाधान नहीं हो पा रहा है। इस मामले में प्रबंधन पर यूनियनों ने प्रबंधन पर जल्द चुनाव कराने के लिए दबाव बढ़ाना तेज कर दिया है। इंटक के बाद अब सीटू ने भी फिर से प्रबंधन को ज्ञापन देकर जल्द यूनियन चुनाव कराने की मांग की है।

पारम्पारिक वेशभूषा में स्कूली बच्चों ने गरबा की दी शानदार प्रस्तुति

दुर्ग। महर्षि दयानन्द आर्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गयानगर के स्वामी विरजानन्द समाभवन में नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में गरबा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राएं भारतीय और पारम्पारिक वेशभूषा में आकर्षक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर आर्य शिक्षा समिति के अध्यक्ष विनीत बंसल ने कहा कि नवरात्रि का यह नौ दिनों का पावन पर्व हर हिन्दू के लिए देवी मां दुर्गा के प्रति अनन्य आस्था श्रद्धा तथा भक्ति का पर्व है। हमारे विद्यालय में भी इस उपलक्ष्य में गरबा नृत्य मंचन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। यह पर्व देवी की शक्ति आराधना, जीवन उत्सव और सांस्कृतिक एकता से जुड़ा है। यह मानव जीवन और विकास का प्रतीक है। समिति के उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे पर्व हमारे पूर्वजों ऋषि मुनियों की एक ऊंची सोच और संस्कृति का प्रतीक है। सचिव संतोष शर्मा ने कहा कि नवदुर्गा के नौ शक्तियों का यह पावन पर्व प्रत्येक व्यक्ति के मन मस्तिष्क में हर्ष उल्लास का संचार करता है। कोषाध्यक्ष सुजीत खरे ने कहा कि ऐसे पर्व सबके तन-मन को स्वस्थ करके आस्था और पवित्र विचार प्रदान करते है। विद्यालय के प्राचार्या बी सांई शीतल ने इस पारम्पारिक व संस्कृति कार्यक्रम के लिए सबको प्रेरित कर उत्साह बढाया तथा बच्चो का मार्गदर्शन किया।

संगठन को सशक्त करने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- वीआईपी नगर सामुदायिक भवन में हुई भाजपा रिसाली मंडल की बैठक

भारतीय जनता पार्टी रिसाली मंडल की आत्मनिर्भर मंडल बैठक रिसाली स्थित वीआईपी नगर सामुदायिक भवन में हुई। बैठक में संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्ययोजनाओं और आगामी नगर पालिक निगम रिसाली चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और रिसाली मंडल प्रभारी शिवेन्द्र परिहार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन ही नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। हमारा लक्ष्य संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं आत्मनिर्भर बनाना है। आज रिसाली मंडल का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम कर रहा है। रिसाली मंडल प्रभारी शिवेन्द्र परिहार ने कहा कि आत्मनिर्भर मंडल का अर्थ है आत्मनिर्भर संगठन, आत्मनिर्भर कार्यकर्ता और आत्मनिर्भर बूथ। सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों को सक्रिय होकर केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना है। आगामी निगम चुनाव हमारा लक्ष्य है और इसके लिए अभी से सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने वार्डों में सक्रिय होना होगा।

इस अवसर पर राजीव पांडे, शैलेंद्र शेंडे, शैलेंद्र साहू, दशरथ साहू, सचिन गोस्वामी, शकुंतला दास, संतोष चौधरी, सीमा साहू, रमा साहू, माया यादव, सारिका साहू, शीला नारखेड़े, सविता धवस, खिलेश्वरी ढालेंद्र, डॉ. संस्कृति वर्मा, अर्चना हिरवानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस ने निकाली बाइक रैली मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर चलाए जा रहे वोट बचाओ-देश बचाओ जनांदोलन के दूसरे चरण में ग्रामीण कांग्रेस के बैनरतले धमधा और अहिवारा में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया गया।

सैंकड़ो की संख्या में सड़कों पर उतरे आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर उनके खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने, उन्हें गिरफ्तार करने और पद से तुरंत बर्खास्त करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने मोदी सरकार और चुनाव आयोग के नापाक गठजोड़ पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा सरकार के इशारे पर मुख्य चुनाव आयुक्त लोकतंत्र की सरेआम बलि दे रहे हैं।धमधा में आयोजित मुख्य विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री रवींद्र चौबे एवं जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को नमन कर निकाली गई विशाल पदयात्रा में कार्यकर्ताओं का गुस्सा सातवें आसमान पर था। एसडीएम कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग पर ज्ञानेश कुमार का पुतला जलाकर कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की और ज्ञानेश कुमार के तत्काल इस्तीफे की मांग की। रवींद्र चौबे ने कहा कि आज देश का लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रणाली सबसे गहरे संकट में है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पूरी तरह से निरंकुश मोदी सरकार के औजार और कठपुतली बनकर काम कर रहे हैं। राकेश ठाकुर खुद बुलेट चलाते हुए विशाल बाइक रैली की अगुवाई करने उतरे। वार्ड 1 संतोषी चौक से शुरू हुई यह आक्रोश रैली पूरे शहर में गूंजती हुई तहसील कार्यालय पहुंची, जहां भाजपाइयों और चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थाथी इलाज।
सभी प्रकार के गुप्त रोगों का इलाज किया जाता है।
निराश रोगी संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

खबर संक्षेप



सोसल मीडिया पर सतनामी समाज पर अभद्र टिप्पणी एफआईआर दर्ज

बालोद। सोसल मीडिया पर सतनामी समाज व उनके धर्म गुरु के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने की बात को लेकर सतनामी समाज में आक्रोश व्याप्त है। समाज द्वारा आरोपी के खिलाफ उचित कार्वाही की मांग की गई। सोसल मीडिया पर सतनामी समाज व धर्म गुरु पर अश्लील टिप्पनी करने वाले आरोपी के खिलाफ बालोद कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई गयी। ज्ञात को कि विगत दो दिन पहले आरोपी द्वारा सोसल मीडिया पर सतनामी समाज व उनके धर्म गुरु बाबा घासीदास पर अभद्र अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है जो कि सोसल मीडिया पर प्रसारित हुआ है, जिससे पूरे सतनामी समाज में आक्रोश निर्मित हो गयी। आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने जिलाध्यक्ष सतनामी समाज बालोद संजय बारले, पूर्व जिलाध्यक्ष सतनामी समाज विजय बघेल, जिला संरक्षक अशवन बारले, जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ कुनाल कुर्रे, ब्लाक अध्यक्ष डौंडी लोहारा धनेश बघेल, विधिक सलाहकार सतनामी समाज बालोद विजय बारले, मोहन चतुर्वेदी, हिमांशु देशलहरे उपस्थित थे।

ठेका कर्मी की बेहोश होने से मौत, होगी जांच

भिलाई। बुधवार की दोपहर एक ठेका कर्मी बीएसपी के जोरातराई गेट के निकट गिरकर बेहोश हो जाने से मौत हो गई। एफएसएनएल में सिक्योरिटी एजेंसी में में कार्यरत 33 वर्षीय चूड़ामणि सायकल से जाते समय एकाएक गिरने से बेहोश हो गया। ड्यूटी जाने वाले कर्मियों ने एंबूलेंस से उसे मेन मेडिकल पोस्ट पहुंचाया। यहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

10 किलो कॉपर ट्यूब पार करने वाला गिरफ्तार

भिलाई। बीएसपी से दस किलो का कॉपर ट्यूब पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भठ्ठी पुलिस ने बताया कि बाइक सीजी 07 एसएल 8761 में प्रवेश कर कोक ओवन जेटी एरिया में बैटरी नंबर 9-10 के पास से कॉपर ट्यूब पार कर आ रहे युवकों को चेकिंग के दौरान पकड़ा गया।

निधन

उमा बाई साहू



बालोद। ग्राम भोईनापार निवासी उमा बाई साहू 50 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे गंगाराम साहू की पत्नी व टोकेश, देवनारायण, नीता साहू की मां थी।

योजना

घर के छोटे कमरे से शुरू किया उत्पादन, अब बड़े हॉल में हो रही खेती

मशरूम की खेती से बनीं लखपति दीदी प्रेमलता को हर माह 60-70 हजार मुनाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कभी कच्चे मकान में रहने वाले परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष करने वाली ग्राम मुल्ले की प्रेमलता साहू आज अपनी मेहनत और लगन से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बन गई हैं। घर के एक छोटे से कमरे से मशरूम उत्पादन की शुरुआत करने वाली प्रेमलता आज बड़े हॉल में मशरूम का उत्पादन कर रही हैं। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' से जुड़कर उन्होंने अपने छोटे से प्रयास को आजीविका के मजबूत साधन में बदल दिया है। उनकी मेहनत का ही परिणाम है कि आज वे प्रतिमाह लगभग 60 से 70 हजार रुपए की शुद्ध आय अर्जित कर रही हैं और 'लखपति दीदी' के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं।

जिले के बालोद विकासखंड के ग्राम मुल्ले निवासी प्रेमलता साहू ने मशरूम उत्पादन की शुरुआत घर के एक छोटे से कमरे से की थी। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और मेहनत के साथ इस काम को लगातार आगे बढ़ाती रहीं। धीरे–धीरे उन्हें मशरूम उत्पादन में सफलता मिलने लगी और उनकी आमदनी भी बढ़ने लगी।

इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' से जुड़ने के बाद उन्हें अपने काम को आगे बढ़ाने का अवसर मिला। महिला स्व–सहायता समूह के माध्यम से मिले सहयोग और ऋण का उपयोग उन्होंने मशरूम उत्पादन



के लिए जरूरी सुविधाएं विकसित करने में किया। इससे उनके व्यवसाय का विस्तार हुआ और वे बड़े हॉल में व्यवस्थित रूप से मशरूम का उत्पादन करने लगीं। आज प्रेमलता साहू का यह प्रयास उनकी आर्थिक मजबूती का आधार बन चुका है। उनकी सफलता यह साबित करती है कि सही मार्गदर्शन, मेहनत और अवसर मिलने पर ग्रामीण महिलाएं भी अपने छोटे से व्यवसाय को बड़े आजीविका के साधन में बदल सकती हैं।

आज वे अपने व्यवसाय से प्रतिमाह लगभग 60 से 70 हजार रुपए की शुद्ध आय अर्जित कर रही हैं। इस आमदनी से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और उन्हें अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने में पहले से अधिक सहूलियत मिली है। प्रेमलता की सफलता यह संदेश देती है कि महिलाओं को आर्थिक अवसर और उचित सहयोग मिले, तो वे न केवल अपने परिवार की जिम्मेदारियों को बेहतर तरीके से निभा सकती हैं, बल्कि अपने व्यवसाय के माध्यम से समाज में भी एक नई पहचान बना सकती हैं। प्रेमलता साहू द्वारा उत्पादित ताजा मशरूम की मांग स्थानीय बाजारों के साथ–साथ आसपास के शहरों में भी है। उनके उगाए गए मशरूम दुर्ग, चारामा, गुरूर और दल्लीराजहरा के बाजारों तक पहुंच रहे हैं। इससे उन्हें अपने उत्पादों के लिए व्यापक बाजार मिला है और व्यवसाय को आगे बढ़ाने का प्रोत्साहन भी मिल रहा है। उनका अपना अनुभव बताता है कि ग्रामीण क्षेत्रें में स्थानीय संसाधनों और बाजार की मांग के अनुसार छोटे व्यवसाय शुरू करके भी अच्छी आमदनी अर्जित की जा सकती है। मशरूम उत्पादन जैसी गतिविधियां महिलाओं के लिए घर और गांव के आसपास ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में उपयोगी साबित हो सकती हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार आने से प्रेमलता अपने बच्चों की पढ़ाई और बेहतर भविष्य के लिए भी प्रयास कर रही हैं। वे चाहती हैं कि उनके बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और जीवन में आगे बढ़ें। अपने परिवार को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का उनका सपना अब धीरे–धीरे साकार हो रहा है। प्रेमलता साहू की सफलता बताती है कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ केवल आमदनी बढ़ाना नहीं, बल्कि महिलाओं को अपने फैसले लेने, अपने पैरों पर खड़े होने और परिवार के भविष्य को बेहतर बनाने का अवसर देना भी है।

गुरुर में युवा मतदाता पंजीयन अभियान 1,104 विद्यार्थियों को किया गया चिह्नित

हरिभूमि न्यूज:बालोद

- पात्र युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने किया जा रहा जागरूक

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या उमेश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में लोकतंत्र को मजबूत बनाने और युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से जिले के गुरुर विकासखंड में युवा मतदाता पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 18 वर्ष के हो चुके छात्र–छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि पात्र युवा समय पर पंजीयन कराकर अपने मताधिकार के प्रति जागरूक बन सकें। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, गुरुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस अभियान के तहत विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों (सेजेस) और निजी शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को चिह्नित किया गया है। इनमें कुल 1,104 छात्र–छात्राओं की पहचान की गई है। अभियान के तहत अब तक अर्थियों का मतदाता पंजीयन पूरा हो चुका है। वहीं, शेष 1,072 विद्यार्थियों के फॉर्म–6 संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्राप्त हो चुके हैं, जिनके पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग और निर्वाचन से जुड़े अधिकारी यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि कोई भी पात्र युवा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित न रहे। विद्यालयों के माध्यम से विद्यार्थियों को मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है और उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना है। युवा मतदाताओं का पंजीयन, लोकतंत्र में उनकी भागीदारी की पहली सीढ़ी है। समय पर मतदाता सूची में नाम जुड़ने से पात्र युवा निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार हो सकेंगे।

संजारी बालोद में पर्यवेक्षकों की समीक्षा बैठक

मतदाता सूची कार्यों में लापरवाही बर्दश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज:बालोद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 59 संजारी बालोद में पर्यवेक्षकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी पर्यवेक्षकों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता और निर्धारित समय–सीमा में करने के निर्देश दिए गए। बैठक में क्षेत्रवार कार्यों की स्थिति, संबंधित दस्तावेजों की जांच तथा मैदानी स्तर पर आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। अधं ने पर्यवेक्षकों



को निर्देशित किया कि मतदाता सूची से संबंधित कार्योंमें विशेष सावधानी बरतें और प्रत्येक जानकारी का नियमानुसार सत्यापन सुनिश्चित करें। साथ ही, कार्योंके दौरान आने वाली समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करें। बैठक में कहा गया कि निर्वाचन संबंधी कार्य लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इसलिए प्रत्येक अधिकारी एवं पर्यवेक्षक अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। मतदाताओं से संबंधित अभिलेखों की जांच, आवश्यक प्रपत्रें के निराकरण और निर्धारित प्रक्रिया के पालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिला प्रशासन का उद्देश्य निर्वाचन संबंधी कार्यों को व्यवस्थित, पारदर्शी और त्रुटिरहित तरीके से पूरा करना है, ताकि मतदाता सूची को अधिक शुद्ध और अद्यतन बनाया जा सके। बैठक में संबंधित अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को निर्देशों का पालन करते हुए कार्योंकी नियमित समीक्षा करने तथा निर्धारित समय–सीमा में लक्ष्य पूरा करने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

नवरात्रि पर नेवारीकला के स्कूली बच्चों ने किया धार्मिक भ्रमण, किए दीप ज्योति के दर्शन





बालोद। नवरात्रि के पावन अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवारीकला के स्कूली बच्चों ने पंक्तिबद्ध होकर सोनकर पारा, बाजार पारा, अमली चौक और शीतला माता मंदिर में प्रज्वलित दीप ज्योति का दर्शन किया। विद्यालय के व्याख्याता देवेंद्र कुमार साहू ने बताया कि नवरात्रि के पावन अवसर पर बच्चों में धार्मिक भावना और संस्कार विकसित करने के उद्देश्य से यह धार्मिक भ्रमण आयोजित किया गया इस दौरान बच्चों ने भक्ति गीत गाकर माता रानी की आरती किया ।

मां दुर्गा के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर और दुर्गा पंडाल गूंज उठा। पूजा अर्चना के बाद बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया। बच्चों के धार्मिक भ्रमण के दौरान मंदिर समिति और स्थानीय नागरिकों ने सहयोग किया और प्रशंसा किया। इस अवसर पर बच्चों के एक साथ माता के दर्शन करने पहुंचने से पूरा नेवारीकला गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा। प्राचार्य ज्योति देशमुख, व्याख्याता सतीश सूर्यवंशी, नयन दीप देशमुख, भावना देशमुख और पूजा साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

राकेश यादव ने स्पीकर हाउस पहुंचकर डॉ. रमन सिंह को दी जन्मदिन की बधाई

बालोद। बालोद विधानसभा क्षेत्र के जनसेवक राकेश यादव ने रायपुर स्थित स्पीकर हाउस पहुंचकर छग के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई दीं। इस दौरान राकेश यादव ने डॉ. रमन सिंह को गुलदस्ता भेंटकर उनका अभिनंदन किया और उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

- प्रदेश के विकास में योगदान के प्रति जताया सम्मान

इस मुलाकात के दौरान राकेश यादव ने डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके सार्वजनिक जीवन और प्रदेश के विकास में उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कामना की कि डॉ. रमन सिंह निरंतर स्वस्थ रहें और अपने अनुभव एवं मार्गदर्शन से प्रदेश के विकास तथा जनहित से जुड़े



कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहें। डॉ. रमन सिंह छग की राजनीति के वरिष्ठ नेताओं में शामिल हैं। मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रदेश की राजनीति और विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्तमान में वे छग विधानसभा अध्यक्ष के रूप में दायित्व निभा रहे हैं। राकेश यादव द्वारा रायपुर पहुंचकर जन्मदिन की बधाई देने और गुलदस्ता भेंटकर सम्मान व्यक्त करने का यह अवसर सौहार्दपूर्ण रहा।

व्याख्याता अजय पाठक को मिला संभाग स्तरीय 'शिक्षा श्री' सम्मान

हरिभूमि न्यूज:डौण्डीलोहारा

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, शैक्षणिक नवाचारों और समाज के वंचित वर्ग के बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के व्याख्याता अजय पाठक को संभाग स्तरीय मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार 2026 के अंतर्गत 'शिक्षा श्री' सम्मान से सम्मानित किया गया।

दुर्ग स्थित खालसा पब्लिक स्कूल में आयोजित भव्य शिक्षक सम्मान समारोह में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव सहित अतिथियों ने उन्हें सम्मानित किया। समारोह में मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, अध्यक्षता कर रहे संयुक्त



संचालक के. व्ही. राव तथा विशेष अतिथि कमलेश फेकर, महेंद्र लोढ़ा, जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत धीर और अभय जायसवाल ने अजय पाठक को श्रीफल, अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान राशि प्रदान कर अलंकृत किया। समारोह को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि कर्मठ और समर्पित शिक्षक राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव हैं। अजय पाठक की इस उपलब्धि पर पूर्व प्राचार्य आर.के. देवांगन, जनपद सभापति टूमन साहू, सरपंच गंगोत्री ठाकुर, उपसरपंच दीप्ति साहू, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओम दास सार्वा, अंतरराष्ट्रीय कवि पी.एल. शर्मा, प्राचार्य आरती देवांगन, थंगेश्वर साहू, धर्मेंद्र श्रवण, डॉ. बी.एल. साहसी, एनुका सार्वा, निर्मल दुबे, अजय शर्मा, विवेक धुर्वे, हेमंत साहू और श्रवण यादव सहित पूर्व विद्यार्थियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

कमीशन के लालच में बैंक खाता देने वाले 7 गिरफ्तार

भिलाई। कमीशन के लालच में बैंक खाते को किराए में चलाने वाले सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि फेडरल बैंक उत्कर्ष बैंक से जुड़े दो, खुर्सीपार के इंडियन बैंक के 5 खाताधारकों पर कार्रवाई की गई है। आरोपियों में सुभाष नगर, नंदिनी रोड, छावनी निवासी शुभम चौधरी, कृपाल नगर, कोहका गुरमीत कौर, क्वार्टर नंबर 4-ए, सड़क नंबर 8, जोन-1, खुर्सीपार तरुण नायक, एसटीएफ कॉलोनी, बघेरा निखिल नेताम, शिवाजी नगर, खुर्सीपार यसमीत सिंह, शंकर नगर सद्भावना चौक दुर्ग गौरव साहू, मछली मार्केट जोन-2, खुर्सीपार नरगिस को पकड़ा गया। इनके पास से पुलिस ने बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक, सिम कार्ड, मोबाइल फोन समेत अन्य दस्तावेज जब्त किया है।

हत्या के मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

दुर्ग। हत्या के एक मामले में प्रथम अपर सत्र न्यायालय ने तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया। घटना 29 दिसंबर 2024 की राज करीब साढ़े बजे की है। मामले में चैतन साहू की मारपीट कर हत्या कर दी गई थी। सुपेला पुलिस ने मामले में रोशनी उर्फ रोशलीन लकड़ा, कुलेश्वर साहू और आकाश देशलहरा को आरोपी बनाया था। शासन के तरफ से पैरवी लोक अभियोजक संजय शुक्ल ने की। प्रकरण के मुताबिक आरोपियों ने चैतन साहू के साथ मारपीट की गई थी। घटना में बल एवं हिंसा का प्रयोग किया गया।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर भूपेश बघेल की कथित अमर्यादित टिप्पणी पर भाजपा ने जताई कड़ी आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए कथित रूप से अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किए जाने पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ. देवेंद्र माहला ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की है।



उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में प्रत्येक जनप्रतिनिधि का दायित्व है कि वह अपने पद की गरिमा, राजनीतिक मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करे। राजनीतिक मतभेदों को व्यक्त करने के लिए अभद्र एवं अपमानजनक भाषा का सहारा लेना उचित नहीं है।

डॉ. देवेंद्र माहला ने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन मतभेदों की आड़ में व्यक्तिगत टिप्पणी करना और संवैधानिक एवं राजनीतिक पदों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली भाषा का प्रयोग करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है, जिसका आधार राष्ट्रसेवा, संगठनात्मक अनुशासन और जनकल्याण के प्रति समर्पण है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय नितिन नबीन जी के प्रति इस प्रकार की टिप्पणी करना राजनीतिक शिष्टाचार और स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को सार्वजनिक वक्तव्यों में संयम और जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए। राजनीति केवल आरोप–प्रत्यारोप का माध्यम नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, विचारों और जनसेवा के संकल्प का मंच है। जनप्रतिनिधियों के शब्द समाज में राजनीतिक संवाद की दिशा तय करते हैं, इसलिए भाषा में शालीनता और व्यवहार में मर्यादा बनाए रखना आवश्यक है।

डॉ. देवेंद्र माहला ने कहा कि राजनीतिक विरोध विचारों, नीतियों और कार्योंर् के आधार पर होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत अपमान और अमर्यादित टिप्पणियों के माध्यम से। लोकतंत्र की मजबूती स्वस्थ संवाद, परस्पर सम्मान और वैचारिक संघर्ष में निहित है। सार्वजनिक जीवन में गरिमापूर्ण भाषा का पालन करना प्रत्येक नेता की जिम्मेदारी है।

प्रधानपाठक वीणा को मिला संभाग स्तरीय पुरस्कार

डौंडीलोहारा। पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर की प्रधानपाठक वीणा ठाकुर को दुर्ग संभाग स्तरीय मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में उत्कृष्ट प्रधानपाठक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान, कर्तव्यनिष्ठा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए मिले इस सम्मान से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। दुर्ग संभाग स्तरीय मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह का आयोजन दुर्ग स्थित खालसा पब्लिक स्कूल के सभागार में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, संयुक्त संचालक शिक्षा के. व्ही. राव तथा दुर्ग एवं राजनांदगांव जिले के जिला शिक्षा अधिकारियों सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अतिथियों ने वीणा ठाकुर को उत्कृष्ट प्रधानपाठक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। वीणा ठाकुर विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और नामांकन वृद्धि के लिए लगातार प्रयासरत हैं। वे शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को रुचिकर एवं प्रभावी बनाने के साथ ही बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने और उनमें व्यावहारिक कौशल विकसित करने पर विशेष ध्यान देती हैं। इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, विद्यालय परिवार एवं शिक्षक समुदाय ने वीणा ठाकुर को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

- संबलपुर की मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित होकर बढ़ाया विद्यालय और क्षेत्र का गौरव







खबर संक्षेप

बेलौदी में आज सजेगी कविता वासनिक की रात्रिकालीन संगीतमय संध्या

बालोद/सिकोसा। गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम बेलौदी में शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष में 16 अक्टूबर रात्रि कालीन अनुराग धारा लोक गायिका कविता वासनिक के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक वैशाली नगर रिंकेश सेन, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी अशोक साहू, डॉक्टर कृष्ण कुमार गंजीर, अश्वनी कटहरे, डॉक्टर रोहित साहू, ग्राम पंचायत सरपंच कुमुदिनी साहू, नोहर साहू, आशीष साहू, हुलास साहू, सुनील कुमार साहू उपस्थित रहेंगे।

नगपुरा स्कूल का टाइम टेबल बदला, किया प्रदर्शन

भिलाई। नगपुरा स्थित सेजेस स्कूल में बुधवार को स्कूल के समय में बदलाव को लेकर छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन किया। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने स्कूल प्रबंधन के फैसले पर नाराजगी जताई और प्रिंसिपल के ऑफिस के बाहर नारेबाजी की। विद्यार्थियों का कहना है कि स्कूल का समय उनकी सहमति के बिना बदल दिया गया है। वहीं बॉयज टॉयलेट की खराब स्थिति और वहां तक जाने वाले रास्ते को लेकर भी नाराजगी जताई। प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों ने स्कूल में बॉयज टॉयलेट की स्थिति और वहां तक पहुंचने वाले रास्ते को लेकर भी सवाल उठाए।
विद्यार्थियों की मांग है कि स्कूल में जरूरी बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त किया जाए। नगपुरा हायर सेकंडरी स्कूल के प्रिंसिपल ने टाइम टेबल बदला है। इसलिए विद्यार्थियों की नाराजगी है। बदला ऐसा किया गया है कि कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की कक्षाएं दूसरी शिफ्ट में और प्राइमरी व मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों की कक्षाएं पहली शिफ्ट में लगाई जा रही है। विद्यार्थी इस फैसले से सहमत नहीं हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि कई छात्र सुबह कोचिंग जाते हैं, ऐसे में स्कूल का समय बदलने से उनकी ट्यूशन की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। प्रिंसिपल बिना कमेटी की समहमि लिए समय में बदलाव नहीं कर सकती हैं।

आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर में हटेंगे अवैध कब्जे

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में अवैध कब्जों एवं अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की दिशा में पहल की जा रही है। बुधवार को सुपेला स्थित आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर में अवैध रूप से कब्जा किए गए बरामदों की निगम की टीम ने मार्किंग की। निगम प्रशासन द्वारा व्यावसायिक परिसर के सार्वजनिक उपयोग के बरामदों को अतिक्रमण मुक्त कराने की दिशा में यह कार्रवाई की गई है। आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर सुपेला शहर के प्रमुख व्यापारिक केंद्रों में से एक है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक खरीदारी एवं अन्य कार्यों के लिए पहुंचते हैं। परिसर में दुकानों के सामने बने बरामदों का उपयोग आम नागरिकों एवं ग्राहकों के आवागमन के लिए किया जाता है। इन बरामदों में अवैध रूप से कब्जा होने से लोगों को आने-जाने में असुविधा होती है तथा व्यावसायिक परिसर की व्यवस्था भी प्रभावित होती है।

आयोजन : राजयोग से जीवन में दैवी गुण अपनाने का संदेश

ब्रह्माकुमारीज में पांच देवियों की चैतन्य झांकी का शुभारंभ

देवी स्वरूपों में छिपे आध्यात्मिक रहस्यों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, आत्मज्ञान भवन, आमापारा, बालोद में पांच देवियों मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, मां काली एवं मां उमा की चैतन्य झांकी का उद्घाटन कि

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव भारती कुलदीप, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति अग्रवाल, पार्षद वार्ड नं 10 आशा पटेल एवं संचालिका, ब्रह्माकुमारीज बालोद बीके. विजयलक्ष्मी दीदी के द्वारा किया गया। नवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व को दर्शाती इस अनूठी झांकी ने श्रद्धालुओं को देवी स्वरूपों के आध्यात्मिक रहस्यों को समझने तथा अपने जीवन में दैवी गुणों को धारण करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने नवरात्रि पर्व की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नवरात्रि केवल पूजा–अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का पर्व नहीं है, बल्कि यह नारी शक्ति, पवित्रता, आत्मबल, सदाचार एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों को जागृत करने का भी संदेश देता है। देवी स्वरूप हमें जीवन में बुराइयों का त्याग कर अच्छाइयों को अपनाने, अपने विचारों को श्रेष्ठ बनाने तथा समाज में शांति, सद्भाव और नैतिक मूल्यों की स्थापना करने की प्रेरणा देते हैं।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी नेहा दीदी ने पांचों देवियों के आध्यात्मिक रहस्यों को सरल एवं रोचक ढंग से समझाया। उन्होंने बताया कि देवी–देवताओं की महिमा केवल उनकी पूजा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके स्वरूपों में समाहित दिव्य गुणों को समझकर अपने जीवन में धारण करना ही सच्ची साधना है। भारती कुलदीप ने कहा कि देवियों की झांकी देखने से समझ आ रहा है कि जीवन में हम सभी को साधना की जरुरत है। हम सभी शिक्षित तो हो रहे हैं किन्तु संस्कारों में कमी होती जा रही है। फलस्वरूप समाज में अपराध में वृद्धि होती जा रही है।

यह जानकर खुशी हुई कि बालोद में ऐसा स्थान है जहां पर मेडिटेशन के माध्यम से शिक्षा और संस्कार दोनों निःशुल्क प्रदान किया जाता है। बीके विजयलक्ष्मी ने कहा कि झांकी के माध्यम से दिखाया गया है कि हमारी पाँचों कार्मेंद्रियाँ चंचल घोड़ों की तरह अनियंत्रित रूप से अलग–अलग दिशाओं में भागती रहती हैं। किन्तु राजयोग के माध्यम से स्वयं पर नियंत्रण लाकर अपने आप को दिव्य ऊर्जा से भरकर देवी और देवता बन सकते हैं।

राजयोग की शिक्षा ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्रों पर दी जाने वाली प्रमुख शिक्षा है जो कि पूर्णतः निःशुल्क है। जिसमें हम सीखते हैं कि किस प्रकार अपने मन को उस परमात्मा के दिव्य स्वरूप में एकाग्र कर सकते हैं तथा उनकी दिव्य ऊर्जा को ग्रहण करके अपने मन को शक्तिशाली बना सकते हैं। इसी राजयोग के अभ्यास से ये बहनें एकाग्र मुद्रा में बैठ सकती हैं।

गौरतलब है कि नवरात्रि के पश्चात 21 अक्टूबर से पाँच दिवसीय राजयोग शिविर प्रारंभ होगा जिसमें कोई भी भाई बहन अपनी सुविधा के अनुरूप प्रातः 7 से 12 बजे तक एवं शाम 5 से 8 के बीच एक घंटे का चयन करके शिविर का लाभ ले सकते हैं।

ठेकवाडीह में मां दुर्गा की आराधना पंचमी पर हुआ विशेष पूजन



गुरूर। ग्राम ठेकवाडीह में क्वांर नवरात्रि के पावन पर्व पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर प्रतिदिन पूजा अर्चना किया जा रहा है, जहां पूरा गांव भक्ति में हो गया है, नवरात्रि के पंचमी के पावन अवसर पर माता जी का विशेष पूजा अर्चना किया गया। प्रतिदिन संध्या को माता सेवा भजन किया जाता है। समिति के अध्यक्ष हितेश्वर साहू, खिलेश्वर साहू, भाव सिंह ठाकुर, होमन लाल साहू, केशव राम, शिवदयाल, हेमंत साहू, सोहन साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। आगे बताया कि दुर्गा प्रांगण में हवन पूजन सोमवार को एवं विसर्जन मंगलवार को किया जाएगा।

आस्था की मिसाल

मां के नन्हे चरण जमीन पर न पड़ें इसलिए भक्त बनते हैं जीवित सेतु

दल्लीराजहरा। आस्था की ऐसी अनूठी परंपरा, जहां मां के नन्हे चरण जमीन पर न पड़ें, इसके लिए सैकड़ों श्रद्धालु स्वयं जमीन पर लेटकर जीवित सेतु बन जाते हैं। दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 20 स्थित गांधी चौक साइडिंग का दुर्गा उत्सव इसी अद्भुत परंपरा के लिए विशिष्ट पहचान रखता है। यहां नव कन्या पूजन के दौरान श्रद्धालुओं का समर्पण और भक्ति का दृश्य हर वर्ष आकर्षण का केंद्र बनता है।

- 54 वर्षों से सजी मां दुर्गा की आराधना, 121 ज्योति कलश प्रज्वलित

गांधी चौक में इस वर्ष 17 मनोकामना घी ज्योति कलश और 104 तेल ज्योति कलश सहित कुल 121 ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं। समिति के वरिष्ठ सदस्य रूपलाल साहू के अनुसार, यहां वर्ष 1973 में दुर्गा



उत्सव की शुरुआत हुई थी। लौह अयस्क की लोडिंग करने वाले कर्मचारियों ने आपसी सहयोग से मां दुर्गा की स्थापना की थी। उन्हीं कर्मचारियों ने रामलीला, 26 जनवरी को आयोजित होने वाले ऐतिहासिक साइडिंग मेले और दशहरा उत्सव की परंपरा भी शुरू की, जिसे आज की पीढ़ी आगे बढ़ा रही है।

नव कन्या पूजन में भक्त बनते हैं जीवित सेतु

वर्ष 2005 के आसपास सुखीराम खरे और रामजी ठाकुर के नेतृत्व में नव कन्या पूजन को अनूठा स्वरूप दिया गया। इस परंपरा के तहत चंडी मंदिर से नौ कन्याओं और भैरव बाबा की यात्रा दुर्गा मंदिर स्थित स्थापना स्थल तक निकाली जाती है। इस दौरान श्रद्धालु रास्ते में जमीन पर लेटकर मानव सेतु बनाते हैं, ताकि कन्याओं के पैर सीधे जमीन पर न पड़ें। लगभग 700 से 800 मीटर की दूरी तक चलने वाली इस यात्रा में श्रद्धालु बारी-बारी से लेटते हैं।

फागुनदाह में नवरात्रि महोत्सव पर पंचमी पूजन, रात में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

गुरूर। नवयुवक समिति ग्राम फागुनदाह द्वारा नवरात्र महोत्सव के तहत पंचमी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बालोद प्रीतम साहू थे। अध्यक्षता अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू ने किया। अति विशिष्ट अतिथि सदस्य जनपद पंचायत गुरूर हेमंत गुरूपंच थे। अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत फागुनदाह मोतिम पदुम मरकाम, सभापति जनपद पंचायत गुरूर लता लक्ष्मीचंद, उपाध्यक्ष भाजपा मंडल पुरूर होमशंकर साहू, पूर्व उपसरपंच ग्राम पंचायत फागुनदाह मनोहर लाल श्रीसंत, पूर्व उपाध्यक्ष सेवा सहकारी समिति कंवर कुबेर सोनबेर, पूर्व सदस्य जनपद पंचायत गुरूर बिसाहू राम साहू, हेमलाल कोसरिया, पंचगण व ग्रामीण उपस्थित थे।



कनेरी के कंकालिन मंदिर में जले आस्था के 521 ज्योत



गुरूर। ब्लाक मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम कनेरी में स्थापित कंकालिन मंदिर से कई भक्तों की आस्थाए जुड़ी हैं। कहते है जो भी भक्त इस मंदिर की चौखट पर आया वो खाली नहीं गया। यहां विराजित कंकालिन देवी के आशीर्वाद से हर संकट पल भर में दूर हो जाता है। जो भक्त देवी को सच्चे मन से पूजते हैं उनकी हर मन्नात पूरी हो जाती है। इस गांव के भक्त और देवी मां के बीच आस्था और विश्वास का अनूठा बंधन देखने को मिलता है। लोगों की बढ़ती आस्था एवं मैया की महिमा से अब यहां मंदिर का निर्माण हो गया है और निरंतर प्रगति जारी है। यहां प्रतिदिन श्रद्धालु माता की पूजा–अर्चना करने नियमित रूप से आते हैं। इस मंदिर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां शारदीय एवं चैत नवरात्र दोनों में मंदिर प्रागंण में ज्योत जलाया जाता है। जितनी अनोखी इस मंदिर की मान्यता है। मंदिर समिति अध्यक्ष जनार्दन सिन्हा, हरिश्चंद्र साहू ने बताया कि इस वर्ष कंकालिन मंदिर में आस्था के 487 तेल ज्योत एवं 34 घी के ज्योत जलाए गए हैं, जहां प्रतिदिन श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे हैं। माता के प्रांगण में प्रतिदिन संध्या माता सेवा भजन किया जा रहा है।

डौंडीलोहारा में हर्षोल्लास से मना धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





भारतीय बौद्ध महासभा परिक्षेत्र शाखा डौंडीलोहारा द्वारा 14 अक्टूबर को आंबेडकर भवन डौंडीलोहारा में धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत डौंडीलोहारा के अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद शिवानी भंसाली एवं एल्डरमैन लता गुप्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान गौतम बुद्ध एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के तैलचित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बौद्ध उपासक एवं उपासिकाओं की ओर से अतिथियों को विभिन्न मांगों से संबंधित मांगपत्र सौंपा गया। अतिथियों ने मांगपत्र में उल्लेखित मांगों पर अपनी सहमति व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान परित्राण पाठ का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक एवं उपासिकाओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में बली राम रामटेके, राजकुमार रामटेके, सुरेंद्र रामटेके, सुरेंद्र कुमार रामटेके, विजय वैदे, बाबूलाल मेश्राम, मिलू मेश्राम, रमेश गजभिए, डोंगरमल वासनिक, संगीता वैदे, सुशीला रामटेके, सत्यभामा रामटेके, पूर्णिमा मेश्राम एवं ललित रामटेके सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डोंगरमल वासनिक ने किया। आयोजन के समापन पर खीर-पुड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। आभार प्रदर्शन के पश्चात उपस्थित लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई।

- परित्राण पाठ में बड़ी संख्या में हुए शामिल

मटेवा में पांच दिनी क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन, मनकी की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा



जिला पंचायत कोटगांव क्षेत्र के ग्राम मटेवा में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता के रोमांचक मुकाबलों के बीच मनकी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर खिताब अपने नाम किया, जबकि झिटिया की टीम उपविजेता रही।

समापन समारोह में जिला पंचायत सदस्य मीना साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य ललिता भूआर्य ने की। इस अवसर पर चंद्रकांत साहू, पूर्व सरपंच टेकराम साहू, पंच सेवा राम साहू और गुमान साहू की उपस्थिति रही। अतिथियों ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में मोहंदीपाट की टीम ने तीसरा और मेजबान मटेवा की टीम ने चौथा स्थान हासिल किया। पांच दिनों तक चली इस स्पर्धा में विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों ने खेल कौशल और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन किया। अंतिम दिन मैदान में दर्शकों की अच्छी उपस्थिति रही, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में राधेश्याम साहू, सेवा राम साहू, राजेश ठाकुर, छबील साहू, वीरसिंह साहू, गुमान साहू और इंद्रमन साहू भी शामिल हुए। अतिथियों ने ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया। मुख्य अतिथि मीना साहू ने कहा कि खेलकूद युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आपसी सहयोग की भावना विकसित करता है, ग्रामीण क्षेत्रें में इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देती हैं। साथ ही खेल गतिविधियां उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर आयोजन समिति ने अतिथियों, खिलाड़ियों, दर्शकों और सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

बाल अधिकार, बाल विवाह रोकथाम और बाल श्रम उन्मूलन की दी गई जानकारी

बघमरा स्कूल में लगा 'मिशन वात्सल्य' व 'मिशन शक्ति' का जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



महिला एवं बाल विकास विभाग, बालोद द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघमरा में 'मिशन वात्सल्य' एवं 'मिशन शक्ति' के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्र–छात्राओं को बाल अधिकार, बाल संरक्षण, महिला सुरक्षा तथा सशक्तिकरण के प्रति जागरूक व सजग बनाना रहा।

शिविर में उपस्थित वक्ताओं ने छात्र–छात्राओं को उनके बुनियादी बाल अधिकारों, बाल विवाह की रोकथाम, बाल श्रम उन्मूलन तथा बच्चों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार की रोकथाम से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों, सुरक्षा, सम्मान, आत्मनिर्भरता और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान 'मिशन वात्सल्य' के अंतर्गत बच्चों के संरक्षण व कल्याण हेतु संचालित सेवाओं तथा 'मिशन शक्ति' के तहत महिलाओं व बालिकाओं को मिलने वाली सहायता सेवाओं पर प्रकाश डाला गया। छात्र–छात्राओं को आपातकालीन परिस्थितियों अथवा किसी भी प्रकार के शोषण व असुरक्षा की स्थिति में चाइल्ड हे नंबर 1098 एवं महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। इसके साथ ही जागरूकता बैनर व पोस्टरों के माध्यम से सुरक्षित वातावरण निर्माण और सवांर्गीण विकास का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संरक्षण अधिकारी हितेश्वरी मेश्राम, सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक सुश्री एकता कुर्रे, चाइल्ड लाइन के जिला परियोजना समन्वयक वेद प्रकाश साहू, जिला मिशन समन्वयक डॉ. एस. कुमार, केस वर्कर हेमशंकर निर्मलकर, मिशन वात्सल्य के मास्टर ट्रेनर (विकासखंड बालोद) मनीष वैद्य, शाला के प्राचार्य एस. बेक सहित शिक्षकगण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।



